मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत 39 जोड़ों का विवाह हुआ संपन्न, सीएम के ओएसडी मनीष बंछोर, महापौर नीरज पाल, डॉक्टर श्वेता बघेल आदि ने नव दांपत्य को सुखद जीवन निर्वाह करने की दी शुभकामनाएं

भिलाई नगर/ नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र अंतर्गत महिला बाल विकास विभाग के द्वारा आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह योजना के तहत सोमवार को सर्व समाज मांगलिक भवन में विवाह कार्यक्रम संपन्न हुआ जिसमें मुख्यमंत्री जी के ओएसडी मनीष बंछोर , महापौर नीरज पाल , मुख्यमंत्री जी की सुपुत्री डॉक्टर श्वेता बघेल , निगम आयुक्त रोहित व्यास , अंतावयवसायी सहकारी समिति एवं वित्त विकास निगम की उपाध्यक्ष नीता लोधी , सभापति गिरवर बंटी साहू , महापौर परिषद की सदस्य मीरा बंजारे एवं रीता सिंह गेरा आदि ने नए जोड़ों को उनके आगामी सुखद जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। सर्व समाज मांगलिक भवन में आयोजित मुख्यमंत्री सामूहिक कन्या विवाह के कार्यक्रम में 39 जोड़ों का विवाह हुआ और वे सभी आज परिणय सूत्र में बंधे। महापौर नीरज पाल ने मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना को शासन की महत्वकांक्षी योजना बताया। वही निर्धन परिवार की कन्याओं तथा बेसहारा कन्याओं को भी इस विवाह योजना से लाभ मिलता है। इस योजना में खास बात यह है कि विवाह की संपूर्ण सामग्री जैसे वस्त्र , अलमीरा, पेटी, रैक, बर्तन, ड्रम, कुकर, चांदी, मंगलसूत्र, बिछिया और घड़ी सेट एवं 21000 रुपए चेक के माध्यम से दिया जाता है , इसकी व्यवस्था मुख्यमंत्री कन्या विवाह के अधीन प्रशासनिक तौर पर होती है। मांगलिक भवन के आयोजित कार्यक्रम में 39 जोड़े परिणय सूत्र में बंध गए। मुख्यमंत्री कन्या विवाह के तहत पूरे विधि , विधान से एवं मंत्र उपचार के द्वारा विवाह संपन्न कराया गया। पूरे धूमधाम से बारात भी निकाली गई। मुख्यमंत्री कन्या विवाह में वर-वधु अत्यंत प्रसन्न चित्त नजर आए वहीं इनके परिचित एवं परिजन भी बड़ी संख्या में विवाह समारोह में शामिल हुए।